हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 10 जुलाई 2025

04 आधुनिक तकनीकी का ज्यादा किया जाए...



07 ग्राम खड़ी के स्कूल में पदस्थ शिक्षक बीईओ ...





### कलेक्टर के निर्देश के बावजूद सड़क पर स्वच्छंद रूप से घूम रहा गोवंश

# नगर की सड़कों पर मवेशियों का डेरा, वाहन का निकलना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



इन दिनों नगर की सड़कों पर गौवंश ने डेरा डाल रखा है। जिसके चलते वाहनों को निकालना भी मुश्किल कार्य हो रहा है। इन दिनों नगर में सुबह व शाम होने के बाद मुख्य मार्गो की सड़क पर गौवंश डेरा जमाने लग गया है। चौक बाजार एवं गणेश चौराहे से शिवाजी चौराहे के मध्य स्थान स्थान पर गौवंश या तो बैठा रहता है या झुंड में सड़क पर खड़ा रहता है। इस दौरान दोपहिया व चौपहिया वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो जाता है। कई बार तो हालात इतने खराब हो जाते है कि पैदल निकलना भी टेड़ी खीर साबित होता है।

### सांड लड़ते हैं, कई बार हो चुका लोगों का नुकसान

नगर में इन गौवंश में कई सांड भी शामिल है जो आते जाते राहगीरों को मारने के लिए तो उनके पीछे दौड़ाते ही है साथ ही आपस में लड़ते भी रहते है। आपस मे लड़ने के कारण कई बार लोगों का काफी नुकसान भी हो चुका है। जिनमे कई दोपहिया वाहनों के गिरने व कुछ चौपहिया वाहनों में भी नुकसान हो चुका है। इनके लड़ने की चपेट में एक दो बार राहगीर भी आ चुके है जिससे वे घायल भी हो चुके है।

### कलेक्टर के निर्देश का नहीं हो रहा पालन

गत दिनों कलेक्टर द्वारा एसडीएम तहसीलदार नगरीय निकायों के सीएमओ व पशुपालन विभाग के अधिकारियों की बैठक में सड़कों पर गौवंश नहीं रहने के निर्देश दिए गए थे। इसके लिए गौवंश को गौ-शालाओं में रखने या शासकीय भूमि पर तार फेंसिंग एवं टीन शेड लगाकर व्यवस्था की जाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन इन निर्देशों के बावजूद नगर की सड़कों व प्रमुख चौराहों पर लावारिस गायों के झुंड कब्जा जमाए बैठी है। जिसके कारण कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। नगर में सड़क पर घूमती लावारिस गायों की समस्या पुरानी समस्या है। समय समय पर प्रशासन द्वारा इन्हें अन्यत्र भेजे जाने की कार्यवाही भी की गई है। लेकिन जैसे ही खरीफ फसल की बोवनी होती है नगर की सड़कों पर लावारिस गायों की संख्या बढ़ जाती है जोकि कई प्रकार की समस्या तो खड़ी करती ही है इनके कारण दुर्घटनाएं भी होती रहती है।

इस वर्ष भी खरीफ फसल की बोवनी के बाद नगर की सड़कों पर लावारिस गायों की संख्या काफी बढ़ गई है। ये गायें जहाँ सड़को पर तो विचरण करती रहती है वही प्रमुख चौराहों पर भी कब्जा जमाए रहती है। सड़क पर व चौराहों पर बैठे रहने से यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। कई बार इस कारण जाम की स्थिति भी बन जाती है। सड़को पर गायों के स्वच्छंद विचरण के कारण आये दिन दुर्घटनाएं भी हो रही है। महिलाये, बुजुर्ग व बच्चे सड़क पर निकलने में डरने लगे है। प्रशासन को नगर की सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाली इन गायों को कलेक्टर के निर्देश के पालन में गौशाला में भिजवाना चाहिए। लेकिन स्थानीय नगरीय निकाय द्वारा आज तक निर्देश के पालन में कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

# छपी खबर तब कचरे का ढेर नगर परिषद को आया नजर, उठवाया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

खबर का असर

नगर के वार्ड क्रमांक 4 पीलवास कालोनी में लगे कचरे के ढेर व गंदगी को लेकर बुधवार को हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित समाचार के बाद वार्ड पार्षद व नगर परिषद अमला हरकत में आया व उक्त स्थल से कचरे के ढेर को उठाकर सफाई की गई। इस दौरान वार्ड पार्षद भी उपस्थित रहे।

बुधवार को हरिभूमि द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 04 पीलवास कालोनी में गंदगी का साम्राज्य, बदबू व मच्छरों से रहवासी हो रहे बीमार शीर्षक से समाचार प्रकाशन के बाद बुधवार को ही वार्ड पार्षद देवेंद्र गुप्ता व नगर परिषद का अमला हरकत में आया और तत्काल मैदान में पड़े कचरे के ढेर को ट्रेक्टर ट्रॉली में भरवाकर ट्रेंचिंग ग्राउंड भेजा तथा मैदान की सफाई करवाई गई।

मामले को लेकर वार्ड पार्षद देवेंद्र गुप्ता ने बताया कि बुधवार को समाचारों के माध्यम से संज्ञान में आते ही सफाईकर्मियों की टीम को बुलवाकर कचरा हटवाकर सफाई करवाई गई है। उन्होंने बताया कि वार्डवासियों की इस समस्या के स्थायी हल हेतु सफाईकर्मियों को निर्देशित किया गया है कि ऐसे मैदान में कचरा नही डालते हुवे सीधे कचरा वाहन के माध्यम से ट्रेंचिंग ग्राउंड पर ले जाया जाए। इस संबंध में सतत निगरानी रखी जाएगी।



वार्ड क्रमांक 4 में गंदगी का साम्राज्य, बदबू व मच्छरों से रहवासी हो रहे बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर के वार्ड क्रमांक 4 पीलवास कॉलोनी में गंदगी का साम्राज्य है। जिससे उठने वाली बदबू व मच्छरों से रहवासी व दुकानदार बीमार हो रहे है। जिसकी शिकायत 181 पर की जाने के बाद भी नगर परिषद द्वारा आज तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले स्वच्छता अभियान की धज्जियां स्थानीय नगर परिषद द्वारा कैसे उड़ाई जा रही है इसका सबसे बड़ा उदाहरण नगर के वार्ड क्रमांक 04 पीलवास कॉलोनी के खुले मैदान में लगे कचरे के ढेर है।

क्षेत्र के रहवासी व दुकानदार अंकित राठौर, गणेश बैरागी, दीपक बैरागी, सलमान, अंकित पारख, मनोज राठौर, विजय टेलर आदि ने बताया कि नगर परिषद के कर्मचारी पूरे नगर का कचरा इक्कठा कर यहां डाल रहे है जिससे यहां रहने वाले परिवार जन इस गंदगी के कारण बहुत परेशान व गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सफाई दरोगा व वार्ड पार्षद को शिकायत की गई लेकिन इस समस्या का स्थाई निराकरण आज तक नहीं हुआ है।

रहवासियों ने बताया कि बारिश के मौसम में मैदान में पड़ा कचरा गिला हो जाने व पूरे ग्राउंड में कीचड़ जमा हो जाने से बहुत गंदी बदबू उठ रही है एवं मच्छर उत्पन हो रहे है। अंकित राठौर ने बताया कि उनके द्वारा हेल्प लाइन 181 पर भी इसकी शिकायत की जा चुकी है लेकिन इसका आज तक कोई निराकरण नही किया गया है। रहवासियों ने उक्त मैदान की समुचित सफाई करवाकर यहाँ नगर परिषद कर्मचारियों के द्वारा कचरा फेंकने पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि नगर परिषद नगर को साफ व स्वच्छ बनाये रखने की अपील आमजन से तो करती है लेकिन अपने ही कर्मचारियों द्वारा नगर में फैलाई जा रही गंदगी को नही रोक पा रही है। निश्चित रूप से नगर में जिस प्रकार से स्थान स्थान पर कचरे व गंदगी के ढेर लगे हुए हैं उससे नगर स्वच्छता के स्थान पर गंदगी में नंबर वन बन सकता है।

### गायत्री शक्ति पीठ परिसर पर भव्यता के साथ गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा



**सीहोर।** गायत्री शक्ति पीठ के उपप्रमुख ट्रस्टी रमाकांत शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आगामी 10 जुलाई 2025, दिन गुरुवार को प्रातः 7 बजे से गुरु चरण पूजन, प्रातः 8 बजे पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ तत्पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन रखा गया है। बड़े सौभाग्य की बात है कि हमारे सीहोर में जो 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में जिन आत्मीय भाई-बहनों द्वारा गुरु दीक्षा संस्कार लिये गये हैं, उनसे विशेष आग्रह किया गया है कि गुरु दीक्षा लेने के पश्चात आपके जीवन में प्रथम बार गुरु पुर्णिमा महोत्सव आया है। अतः सभी गुरु दीक्षित भाई-बहनों से आत्मीय अनुरोध किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में गुरु पुर्णिमा के पावन पर्व पर गायत्री शक्ति पीठ परिसर, नदी चौराहा, सीहोर पर उपस्थित होकर अपने सद्गुरु के प्रति अपनी निष्ठा एवं कृतज्ञता गुरु चरणों में समर्पित कर अपने जीवन को धन्य बनायें। इस पावन अवसर पर गायत्री शक्ति पीठ परिवार के प्रमुख ट्रस्टी श्रीमती रमीला परमार, उपप्रमुख ट्रस्टी रमाकांत शर्मा, ट्रस्टी श्रीमती डालीमा राय, राजेन्द्र पालिवाल, राजेन्द्र नामदेव, राजेन्द्र मोदी, मनोहर दांगी, द्वारका प्रसाद वर्मा, श्रीमती निर्मला भावसार ने सभी गुरु भाई बहन को शक्ति पीठ पर उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का आग्रह किया गया है।

# नर्मदा नदी से अवैध रेत खनन में शामिल पनडुब्बियां की जब्त




**सीहोर।** जिले में नर्मदा नदी से अवैध रूप से रेत निकालने वाली तीन पनडुब्बियों को खनिज विभाग ने जब्त कर लिया है। ये पनडुब्बियां गोपालपुर पुलिस थाने की सुपुर्दगी में दी गई हैं। हालांकि, अब तक इस मामले में किसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

जिला कलेक्टर बालागुरू के. ने मानसून अवधि में 1 अक्टूबर तक जिले में रेत खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रखा है। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि रेत घाटों से खनन और परिवहन पूरी तरह रोका जाए।

### जांच चौकियों पर निगरानी बढ़ाई जाए

कलेक्टर ने यह भी आदेश दिया है कि खदानों के पहुंच मार्ग बंद किए जाएं, जांच चौकियों पर निगरानी बढ़ाई जाए, अवैध खनन करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो। इसके साथ ही स्थानीय खनिज निरीक्षक और राजस्व अमले को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं

### फिर भी नहीं थम रहा अवैध उत्खनन

इसके बावजूद नर्मदा नदी में कई स्थानों पर अवैध रेत खनन जारी है। खेतों में अवैध रूप से रेत का भंडारण भी सामने आया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खनिज विभाग की ओर से अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई थी, लेकिन अब तीन पनडुब्बियों की जब्ती से कार्रवाई की शुरुआत मानी जा रही है।

# अवलोकन कर दिए निर्देश, खाली स्थान पर गौठान बने, निराश्रित गोवंश को रखा जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

### कलेक्टर ने गोशालाओं का निरीक्षण किया



कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने बुधवार को ग्राम आमला में ग्रीड के पास गत वर्ष से निर्मित गोठान स्थल का अवलोकन किया तत्पश्चात आमला गौशाला का अवलोकन किया। कलेक्टर ने गौशाला के सामने की चारागाह भूमि पर तार फैंसिंग कर एक गोठान निर्माण स्थल निर्मित कर सड़क पर रहने वाली निराश्रित गायों को रखने के निर्देश दिये। इसके बाद सेमलखेड़ी गौ-शाला का अवलोकन किया तथा गौशाला के बाहर ओर एक गोठान निर्मित कर गाये रखने के निर्देश दिये।

भ्रमण के दौरान जिला सीईओ नंदा भलावे कुशरे, एसडीएम आगर मिलिन्द ढ़ोके, जनपद सीईओ आगर मोहनलाल स्वर्णकार, नलखेड़ा, और उप संचालक पशु चिकित्सा आर सी पंवार उपस्थित रहे।

# सोसाइटी प्रबंधक का स्थानांतरण, स्वागत कर दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

तहसील की बड़ागांव प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था प्रबंधक राजश्री चंद्रावत का अन्य संस्था शाजापुर शाखा की खेरखेड़ी संस्था में स्थानांतरण हो जाने पर चंद्रावत का संस्था में पदस्थ कर्मचारियों द्वारा पुष्पहार से स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंटकर विदाई दी गई।

### ओटीआर रजिस्ट्रेशन 30 तक कराना अनिवार्य

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार कक्षा नौवीं से कॉलेज स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक अथवा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होता है और जिनके परिवार की वार्षिक आय सीमा 02 लाख 50 हजार से कम है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को एक बार ओटीआर नम्बर प्राप्त करने के पश्चात भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नम्बर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

### दिगंबर जैन मुनि संघ के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा पर कई धार्मिक आयोजन





**नलखेड़ा।** स्थानीय दिगंबर जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का धार्मिक आयोजन आज मनाया जाएगा। स्थानीय चौक बाजार स्थित त्यागी भवन में प्रातः 8:00 बजे से गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके पूर्व प्रातः 7 बजे मुलनायक भगवान का अभिषेक, प्रातः 7:15 बजे शांति धारा, प्रातः 8:00 बजे मंगलाचरण गुरु भक्ति प्रातः 8:15 चित्र आवरण एवं दीप प्रज्वलन प्रातः 8:30 बजे गुरु पूजा एवं महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण प्रातः 8:45 पाद पक्षालन एवं शास्त्र भेंट प्रातः 9:00 बजे मुनि श्री के प्रवचन होगे। दोपहर 3:30 बजे स्वाध्याय,शाम 6:30 बजे आनंद यात्रा का कार्यक्रम होगा। समस्त कार्यक्रम त्यागी भवन चौक बाजार में संपन्न होंगे। सभी कार्यक्रमों का संचालन विराग विवर्धन चातुर्मास समिति करेगी।

### जैन आराधना भवन में चातुर्मासिक चौदस पर धार्मिक प्रवचन में श्रद्धालु रहे मौजूद

# मन-बुद्धि कल्पवृक्ष जैसे, जैसा सोचो वैसा ही मिले फल : यति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



मानव भव के साथ हमें मन व बुद्धि जैसी मूल्यवान चीज भी मिली है। यहां दोनों हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण होकर मूल्यवान है। इनका जिस तरह जीवन में उपयोग करेंगे वैसा फल हमें मिलने लग जाएगा। मन व बुद्धि कल्पवृक्ष जैसे हैं, जैसा हम सोचते हैं वहां हमें प्राप्त हो जाता है। जिनचंद्र सूरि महाराज के सुशिष्य एवं भावी श्री पूज्य यति अमृत सुंदरजी महाराज साहब ने बुधवार को जैन आराधना भवन में चातुर्मास के प्रथम दिवस पर आयोजित धर्म सभा में बोलते हुए समाज जनों के समक्ष यह बात कही गई।

यति श्री ने कहा कि यदि हम मन व बुद्धि को सही दिशा में लगाएंगे तो जीवन को सही तरीके से जी सकते हैं। वहीं यदि उसे गलत कार्यो में लगाएंगे तो यह जीवन भी हमारा गलत राह पर चलेगा। उन्होंने कहा कि मन, वचन, काया से जो कार्य करते हैं, जो क्रिया करते हैं वह हमारी आदत हो जाती है। तथा विरतियों के रूप में हमारे अंदर जमा होकर कर्म के बंधन के रूप में बंध जाती है। उन्होंने ने कहाकि सबसे ज्यादा कर्म बंधन मन के द्वारा होते हैं। यदि हम मन से कोई बात सोचते हैं तो वहां मन से कर्म बंधन होता है। इसीलिए इस चंचल मन को किसी कार्य पर लगाना आवश्यक होता है ताकि राग, द्वेष की आदत से हम मुक्त हो जाते है। यतिश्री ने कहाकि ध्यान की साधना से मन को आनंद की अनुभूति होती है, विषय - वासनाओ के कर्म बंधन से भी हम मुक्त बने रहेंगे। कर्म बंधन से मुक्त होकर मुक्ति को प्राप्त हो जाते हैं

### सत्य साधना अपने दोषों को देखने का आइना हैः सुमति सुंदरजी

यतिश्री सुमति सुंदरजी म.सा. ने धर्म सभा में कहाकि सत्य साधना हमें अपने दोषों को देखने का आइना है। कर्मों के बंधनों से छुटकारा पाना है तो हमें परमात्मा की वाणी पर श्रद्धा रखकर उनकी आज्ञा में रहना होगा। उन्होंने कहाकि साधना में जो बाधक तत्व है, उन्हें जानना है। इसमें सबसे पहली श्रद्धा का नहीं होना, आलस्य का होना। श्रद्धा के साथ हमें साधना मार्ग पर चलना है तथा जीवन भर हमें उस मार्ग पर चलते रहना है। आर्या श्री समकित प्रभा श्री जी म. सा. ने कहा कि चातुर्मास का समय धर्म आराधना करने का स्वर्णिम अवसर होता है। धर्म हमारे बुरे कर्मो को अच्छे कर्मों में बदल देता है। आत्मा पर जो कषाय रूपी कचरा जमा है, उसे साफ करने का समय चातुर्मास है। धर्म रूपी साधना आराधना से हम उस कषाय रूपी कचरे को साफ कर इस मानव जन्म को सफल बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि धर्म का हमारे जीवन में प्रवेश होने पर दुःख संकट सब दूर हो जाते हैं। पहाड़ जैसी समस्या भी तिल जैसी छोटी बन जाती है। रोग उठने से पहले ही धर्म उसे दूर कर देता है। कर्म के बंधन बनने से पहले ही वहां उसे मिटा देता है।

### मन का संकल्प मजबूत होगा तो सिद्धि निश्चित रूप से प्राप्त होती हैः रत्ननिधि

जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी रत्न निधि म. सा. ने कहाकि चातुर्मास प्रेरणा का पैगाम लेकर हमारे समक्ष उपस्थित हुआ है, यहां हमें संदेश देता है, प्रतिबोध देता है, कि जागो जैनों जागो। धर्म आराधना साधना,तपस्या कर इस दुर्लभ मानव जन्म एवं परमात्मा के शासन को सफल बनावे। उन्होंने कहा कि चातुर्मास में साधु साध्वी भगवंत लोहे की खूंटी के भाति चार माह एक स्थान पर निवास करते हैं। क्योंकि इन दिनों में जीवों की उत्पत्ति होती है, उन जीवों की रक्षा और जयणा के लिए साधु-साध्वी एक स्थान पर ही निवास करते हैं। साध्वी जी ने चातुर्मास के चार अक्षरों की व्याख्या करते हुए बताया कि चा से चारित्र की आराधना,त से तप की साधना, मा से मौन की उपासना, स से संयम की साधना करना है। चार गति 84 लाख योनि में भ्रमण कर रहे इस जीव को भवसागर से पार करने वाला। वर्ष भर की बैटरी को चार्ज करने वाला चातुर्मास का यहां समय है। जो जीवन को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला है।चातुर्मास के दौरान हमें साधना आराधना उपासना करना है। सत्य साधना आत्मा को निखारने व आत्मा पर लगी कालिमा को दूर करने की साधना है। उन्होंने कहा कि मन का संकल्प मजबूत होगा तो सिद्धि निश्चित रूप से प्राप्त होती है। चातुर्मास में तप की गंगा में यदि हम डुबकी लगाएंगे तो इस संसार सागर से भव पार हो जाएंगे। चातुर्मास में हमें जीवन भर के लिए नहीं तो कम से कम चातुर्मास काल में ही सप्त व्यवसनों का त्याग करना चाहिए। इस काल में अभयदान को सर्वोपरि स्थान दें।

**खबर संक्षेप**

### बाइक चोर आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बागली।** बागली थाना अंतर्गत ग्राम पुंजापुरा से 7 जुलाई को अज्ञात बदमाश एक बाइक चुरा ले गया था। आरोपी कि पहचान पुलिस ने पुंजापुरा में लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से की। इसके बाद पुलिस द्वारा लगातार आरोपों की तलाश की जा रही थी। मंगलवार रात्रि को मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उप निरीक्षक लोकेश सिंह कुशवाह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे के आधार पर आरोपी की फुटेज देखकर उसकी पहचान की गई। उसके बाद लगातार उसकी तलाश की जा रही थी। सूचना मिलने पर ग्राम पुंजापुरा से ही आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। साथ में चोरी की बाइक भी जप्त कर ली गई है। उक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक लोकेश सिंह कुशवाह,महावीर सिंह बघेल, आरक्षक राहुल लवंशी, महेश का सहयोग रहा।

### आधार कार्ड को मोबाइल से किया जा रहा अपडेट

**कमलापुर।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के सख्त निर्देश के बाद बुधवार के दिन ग्राम पंचायत पोलाय में विशेष कैंप लगाकर ग्रामीणों के मोबाइल आधार कार्ड अपडेट किए जा रहे हैं। पंचायत सचिव गोपाल पंचोली ने बताया कि जिलाधीश महोदय का सख्त निर्देश है कि किसी त्रुटि के चलते कोई भी शासकीय योजना से वंचित न रह जाए। इसके चलते पंचायत स्तर पर विशेष कैंप लगाकर लोगों के आधार कार्ड को मोबाइल से अपडेट किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब आधार कार्ड को मोबाइल से बिना अपडेट किए किसी भी योजना का लाभ नहीं ले सकते है। यदि आपने समय रहते आधार कार्ड को मोबाइल से अपडेट नहीं कराया तो आप शासकीय योजना से वंचित हो सकते हो।

### अपराध समीक्षा बैठक में प्रदर्शन के आधार पर थानों की रैंकिंग जारी

# आधुनिक तकनीकी का ज्यादा किया जाए पुलिसिंग में प्रयोग: एसपी गहलोद

थाना बरोठा को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर किया गया पुरस्कृत,उप पुलिस अधीक्षक (एल-आर) को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर किया गया पुरस्कृत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, ग्रामीण एएसपी सौम्या जैन, यातायात एएसपी हरनारायण बाथम समेत सभी एसडीओपी,थाना/चौकी प्रभारी मौजूद रहे। एसपी द्वारा अपराध समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री एवं डीजीपी के आदेशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि छोटी से छोटी सूचना को गंभीरता से लेकर कार्यवाही करे। किसी भी सूचना पर पुलिस का रिस्पॉन्स टाइम कम से कम होना चाहिए। थाना/चौकी प्रभारी द्वारा क्षेत्र में नियमित रूप से शाम के समय पैदल गश्त कर पुलिस चौपाल के माध्यम से जनसंवाद करे। महिला संबंधी अपराधों का पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार समयावधि के भीतर हल करे। एसपी गहलोद ने कहा कि आधुनिक तकनीकी का ज्यादा से ज्यादा करे पुलिसिंग में प्रयोग करे। अपराध समीक्षा बैठक में समस्त थानों का 25 पैरामीटर के आधार पर आंकलन किया गया । अनुभागवार रैंकिंग में उप पुलिस अधीक्षक (एल-आर) ने संजय शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अनुविभागीय अधिकारी सोनकच्छ दीपा मांडवे ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर थाना प्रभारी बरोठा निरीक्षक अजय गुर्जर को पुरस्कृत किया गया एवं समस्त स्टाफ को बधाई दी गई।अ

### सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी के रूप में आरक्षक राजेन्द्र सिंह हुए सम्मानित

इसी प्रकार माह जून में सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी पुरस्कार के रुप में आरक्षक 879 राजेन्द्र सिंह थाना सतवास को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मुकेश पलासिया यात्रा मैदान सतवास स्थित पानी की टंकी पर आत्महत्या करने के उद्देश्य से चढ़ गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आरक्षक 879 राजेन्द्र सिंह मौके पर सिविल ड्रेस मे पहुंचे । अपनी सुझबुझ और साहस का परिचय देकर टंकी पर चढ़े एवं उक्त व्यक्ति को सुरक्षित नीचे उतारकर अस्पताल में भर्ती करवाया गया । इस अत्यंत संवेदनशील एवं साहसिक कार्य हेतु आरक्षक राजेन्द्र सिहं को जून 2025 का सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी पुरस्कार प्रदान किया गया । रैंकिंग की यह प्रणाली आगामी माह में भी जारी रहेगी ।

**जिले के टॉप 10 थाने**

- बरोठा
- पीपलरवां
- कन्नौद
- औद्योगिक क्षेत्र
- हाटपीपल्या
- टोंकखुर्द
- नाहर दरवाजा
- सिविल लाईन
- भौरांसा
- सोनकच्छ




# पालनगर में तेंदुए ने दो कुत्तों को बनाया शिकार

**स्थानीय रहवासियों में दहशत**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर से सटे वार्ड पालनगर में मंगलवार रात पालतू कुत्तों पर तेंदुए ने हमला कर दिया। खेत के समीप रहवासी क्षेत्र में तेंदुए के इस हमले के बाद भय का माहौल बन गया।मंगलवार रात करीब 3:30 बजे तेंदुआ किसान कैलाश पटेल के खेत में घुसा और वहां जंजीर से बंधे डॉग को मारकर ले गया।

पूरी घटना खेत में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।तेंदुए की दूसरी घटना पालनगर के ही रहवासी क्षेत्र में सामने आई है। यहां नरेन्द्र मुकाती के घर के पास बने मकान में तेंदुए ने बंधे जर्मन शेफर्ड डॉग को निशाना बनाया और उसकी भी मौत हो गई।रहवासियों की शिकायत के बाद वन अमला घटना स्थल पर पहुंचा और तेंदुए के पगमार्क देखकर जांच में जुट गए। डिप्टी रेंजर राकेश मोदी ने बताया कि कैलाश पटेल के खेत से तेंदुआ कुत्ते को मारकर ले गया। घटनास्थल से पगमार्क भी मिले हैं। कैमरे में तेंदुए की स्पष्ट तस्वीर आई है। फिलहाल एक ही तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि हुई है।

क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि रामचरण पटेल ने बताया कि सुबह सूचना मिलने पर खेतों में जाकर देखा तो तेंदुए के पगमार्क मिले। सीसीटीवी फुटेज में तेंदुआ कुत्ते को घसीटता हुआ दिख रहा है। ग्रामीणों ने तेंदुए को जल्द रेस्क्यू करने और सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की मांग की है। वन विभाग ने ग्रामीणों से रात के समय घरों में ही रहने और सतर्कता बरतने की अपील की है। इलाके में तेंदुए की मौजूदगी को देखते हुए निगरानी बढ़ा दी गई है।

### निगम उपायुक्त जाफरी ने किया जिला पशु चिकित्सालय का निरीक्षण



**देवास।** बुधवार को निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी ने उज्जैन रोड स्थित जिला पशु चिकित्सालय परिसर में स्थित श्वान बधियाकरण केंद्र और दुर्घटनाग्रस्त गायों के उपचार स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान डॉक्टर एस.के. श्रीवास्तव भी साथ थे। उपायुक्त जाफरी ने श्वान बधियाकरण केंद्र पर फिनाइल साबुन सहित अनावश्यक सामग्री तत्काल उपलब्ध कराने,पिंजरो कि मरम्मत व मुख्य द्वार को ठीक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। हांका गैंग दरोगा आमीन शेख को आवारा श्वानों को पकड़कर उन्हें बधियाकरण केंद्र पर पहुंचाने हेतु आदेशित किया। उन्होंने कहा कि विशेषकर वर्षाऋतु में गायों के बैठने के लिए सुखे स्थान की व्यवस्था करें। उपायुक्त ने दुर्घटनाग्रस्त गायों के उपचार स्थल पर उपयंत्री को वर्षाजल की निकासी सुनिश्चित करने और पेवर ब्लॉक लगाने के निर्देश दिए और अभिलेखो को भी देखा। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर संजीव कुमरे,नगर निगम पशु चिकित्सक डॉक्टर उर्वशी चौधरी, निगम मुख्य स्वच्छता निरीक्षक हेमंत उबनारे, रवि कृष्ण गोयनर, डॉग कैचिंग दरोगा सोनू डूमाने उपस्थित रहे।

### श्री जय शिव महिमा कांवड़ यात्रा आज होगी चापड़ा से धाराजी के लिए रवाना

**चापडा।** चापडा से प्रति वर्ष महिला कावड यात्रा का आयोजन किया जाता है। उसी के चलते इस वर्ष भी सावन माह में श्री जय शिव महिमा कावड यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें चापडा सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में महिलाएं सम्मिलित होगी। गुरुवार को यात्रा ऋणमुक्तेश्वर मंदिर से धाराजी के लिए रवाना होगी। संतोष कुमार जैन ने बताया कि चापडा से एक मात्र सबसे बड़ी महिला कावड यात्रा का आयोजन विगत 16 वर्षों से होता आ रहा है। इस बार 17 वा वर्ष यात्रा का है।11 जुलाई को धाराजी घाट से जल भरकर महिलाएं यात्रा प्रारम्भ करेगी। लगभग 80 किमी पैदल चलकर महिलाएं चापडा पहुंचेगी, जहां 14 जुलाई को ऋणमुक्तेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर यात्रा का समापन होगा।

### अभाविप ने 77वां स्थापना दिवस राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया

**देवास।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 77वां स्थापना दिवस गुरुवार राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के रूप में देवास में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी, प्राध्यापक एवं परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित थे।। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अ.भा.वि.प के राष्ट्रीय कला मंच के अखिल भारतीय प्रमुख प्रदीप मेहता रहे, जिन्होंने संगठन की उद्देश्यों, विद्यार्थियों की भूमिका और राष्ट्र निर्माण में युवाओं के योगदान पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर वर्ष 2025-26 के लिए नगर इकाई की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। निर्वाचन अधिकारी सावन कौशल द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, सोनाली पिटवे को पुनः नगर अध्यक्ष एवं हर्ष अग्रवाल को नगर मंत्री पद हेतु निर्वाचित किया गया।


# 50 साल पुराने जर्जर भवन में लग रही सेवा सहकारी संस्था, सेवा देने वाली संस्था को सुधार का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा




नगर में भौरासा फाटा रोड पर स्थित थाने के समीप किसानो को सुविधा देने के लिए बनी सेवा सहकारी संस्था की हालत जर्जर हो रही है जिसमें जगह-जगह बड़ी-बड़ी दरारे बन गई है। पोपड़े निकल कर गिर रहे हैं छत भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिस कारण पानी भी टपकता है। टपकते पानी को रोकने के लिए इसके ऊपर पतरे, चद्दर लगवा दिए गए जिससे थोड़ी बहुत राहत मिली, लेकिन भवन में बड़ी दरार व गड्ढे हो रहे हैं जिससे यहां बारिश के दिनो मे जानवर का भी डर बना रहता है। इस भवन का निर्माण 1973 में हुआ था। उस समय सेवा सहकारी संस्था के अध्यक्ष विनायक राव शर्मा कुलाला थे।

संचालक मंडल में शेख बशीरुद्दीन भौरासा, अंबाराम यादव कूलाल, आत्माराम खाती, नाथू सिंह यादव, देवी सिंह खाती सुंमराखेड़ी ,गोवर्धन लाल मंत्री, कृष्णदास झवर, बालमुकुंद खेर, उकारलाल पटेल भलाई खुर्द, भवन निर्माण कमेटी में विनायक राव शर्मा, अंबाराम यादव, शिवनारायण ईनानी, यशवंत सिंह चौहान सहकारिता विस्तार अधिकारी संचालक मंडल के द्वारा इस भवन का निर्माण करवाया गया था, जिसके बाद से ही इस भवन में आज भी सेवा सहकारी संस्था लगती आ रही है। अब उच्च अधिकारियों को इस जर्जर भवन को जल्द ही बनवाना चाहिए।



# कचरे के ढेर में मिला नवजात का शव, लोग बोले बाइक सवार छोड़कर गए, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के कैलादेवी रोड पर बुधवार को कचरे में एक नवजात शिशु का शव मिला। स्थानीय लोगों ने शव देखते ही पुलिस को सूचना दी। स्थानीय एक दुकान चालक ने दो लोगों को बाइक से आकर कचरे में कुछ फेंकते हुए देखने की बात कही। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों ने एक नवजात का शव देखकर पुलिस को सूचना दी। सिविल लाइन थाने के सब इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि नवजात के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। इस अमानवीय घटना से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।घटना को लेकर समाजसेवी व गौरक्षक जीतू रघुवंशी ने बताया कि बाइक सवार नाले के पास नवजात को फैंककर फरार हो गए थे। इस प्रकार की घटना से अच्छे संस्कार वाले लोग दिखाई नहीं दे रहे हैं। एक और सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की बात कह रही है। सांची पाईंट संचालक रवि गुप्ता ने बताया कि हमारी दुकान के पास में बाइक सवार दो लोग आए और नवजात को कचरे के ढेर में फैंककर चले गए थे। हमको लगा कि किसी मृत जानवर को फैंक गए होंगे। पड़ोस के किसी व्यक्ति ने देखकर बताया कि वह नवजात है।

### सिविल अस्पताल को मिले सोनोग्राफी मशीन, डेंटल क्लिनिक और फीजियोथेरेपी कक्ष

# सभी छोटी कमियों को पूरा करने किए जा रहे प्रयास: डॉ सोनकर






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सोनकच्छ सिविल अस्पताल में नवीन सोनोग्रॉफी मशीन, डेंटल क्लिनिक और फिजियोथेरेपी कक्ष का शुभारम्भ विधायक सोनकच्छ डॉ. राजेश सोनकर एवं कलेक्टर ऋतुराज सिंह की उपस्थिति में हुआ। विधायक सोनकच्छ डॉ. राजेश सोनकर एवं कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने इस दौरान गर्भवती महिलाओं को रक्षासूत्र बांधकर उन्हें सोनोग्रॉफी कार्ड प्रदान किया। उन्होंने एनआरसी का निरीक्षण कर महिलाओं से बच्चों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली और फुड बास्केट प्रदान किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, एसडीएम प्रियंका मिमरोट, तहसीलदार नेहा शाह, सीएमएचओ डॉ सरोजनी जैम्स बैक, बीएमओ डॉ राजेश गुजराती, स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर, आगंवाडी कार्यकर्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।इस अवसर पर विधायक सोनकर ने कहा कि सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र की छोटी से छोटी कमियों को पूरा करने के लिए शासन और प्रशासन द्वारा तत्परता से प्रयास किए जा रहे है।

इसी कड़ी में आज सिविल अस्पताल सोनकच्छ में सोनोग्रॉफी मशीन, डेंटल क्लिनिक और फिजियोथेरेपी कक्ष शुभारम्भ किया गया है। यह सरकार की संवेदनशीलता ही है, जिनके अथक प्रयासों से सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र में कई विकासकार्य किये जा रहे है। शासन द्वारा विकास कार्यो के साथ-साथ स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी कार्य किया जा रहा है।

विधायक सोनकच्छ डॉ राजेश सोनकर ने कहा कि आज सिविल अस्पताल में नवीन मशीनों के आ जाने से क्षेत्र ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्र के नागरिको को ईलाज के लिए कही ओर जाने की आवश्यकता नहीं है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि सोनकच्छ अस्पताल में सुविधाओं के शुभारम्भ से अस्पताल में आने वाले नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेगी। उन्होंने कहा अस्पताल में डॉक्टर उपलब्ध होने के बाद भी मशीनों के अभाव से मरीजों को ईलाज नहीं मिल रहा था, लेकिन अब मशीनों के उपलब्ध होने से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी। सिंह ने कहा कि आने वाले समय में सिविल अस्पताल सोनकच्छ में ब्लड स्टोरेज यूनिट भी स्थापित की जायेगी। जिससे महिलाओं और ट्रामा के मरीजोंको तत्काल ब्लड मिल सकें, जिसका लाभ क्षेत्र के नागरिकों को मिलेगा।

सीईओ शर्मा ने कहा कि शासन और प्रशासन का यह प्रयास है कि सिविल अस्पताल सोनकच्छ में आने वाले समय में और भी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाये। जिससे क्षेत्र के नागरिकों को कहीं और ईलाज के लिए बाहर न जाना पडे।

# तहसीलदार व आपूर्ति अधिकारी ने पेट्रोल पंप का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

विगत दिनों रतलाम जिले में मुख्यमंत्री के काफिले में सम्मिलित होने वाली गाड़ियों में एक पेट्रोल पंप से डीजल डाला गया तो उसमें बड़ी मात्रा में पानी मिला हुआ निकला। इसके बाद शासन प्रशासन में हड़कंप मच गया था। मुख्यमंत्री से मामला जुड़ा होने के कारण ताबड़तोड़ उक्त पेट्रोल पंप को भी सील कर दिया गया,जिसके बाद प्रशासन जागा और सभी पेट्रोल पंपों का निरीक्षण कर पेट्रोल पंपों की गुणवत्ता की जांच के आदेश दिए गए। इसी के चलते जिला कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन में पहली बार क्षेत्र में पेट्रोल पंपों का निरीक्षण अधिकारियों द्वारा किया गया। जहां पर गंभीर अनियमितता भी मिली। जानकारी अनुसार बागली तहसीलदार नीरज प्रजापति एवं सहायक आपूर्ति अधिकारी अभिषेक मोर ने इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर स्थित कृष्णा फ्यूल्स बामनखेड़ी एवं अरिहंत पेट्रोलियम पोलाय पर पहुंच कर जांच की। जहां पर अरिहंत पेट्रोलियम पोलाय के संचालक द्वारा मोटर स्पिरिट एवं हाई स्पीड डीजल प्रदाय एवं वितरण विनियमन और अनाचार निवारण आदेश 2005 के प्रावधानों के उल्लंघन के तहत मौके पर 24, 035 लीटर डीजल,कुल कीमत लगभग 22 लाख 17 हजार 229 रुपए जप्त किया गया है। मोर ने बताया कि प्रकरण जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

खबर संक्षेप

## मानस भवन में होगा गुरुपूर्णिमा उत्सव



**आष्टा।** लगभग पच्चीस वर्ष पूर्व आष्टा में स्वामी अवधेशानंद जी महाराज के प्रथम नगर आगमन पर प्रभु प्रेमी संघ की स्थापना हुई और तब ही से गुरु पूर्णिमा, गुड़ी पड़वा, कार्तिक पूर्णिमा जैसे हिंदू धर्म के आयोजन सार्वजनिक समारोह के रूप में सम्पन्न होने प्रारंभ हुए। हिन्दू सनातन धर्म में गुरु की महत्ता को स्पष्ट करने हेतु गुरु पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इस वर्ष का यह आयोजन 10 जुलाई गुरुवार को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक मानस भवन के प्रांगण में प्रख्यात संगीत कार भजन गायक राम श्री वादी की टीम के साथ अपनी प्रस्तुति देंगे। गुरु तत्व की महिमा पर जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर के परम शिष्य पंडित वैभव भटेले भोपाल प्रवचन देंगे। प्रभु प्रेमी संघ आष्टा के अध्यक्ष सुरेश पालीवाल महासचिव प्रदीप प्रगति ने लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की।

## जैन मुनि सजग सागर, सानंद सागर महाराज का चातुर्मास आष्टा में

**आष्टा।** चातुर्मास की घड़ी नजदीक आते ही सभी साधु संत अपने अपने चातुर्मास स्थल पहुच रहे है आष्टा नगर के किला स्थित दिव्योदय जैन तीर्थ पर इस वर्ष आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य आचार्य श्री आर्जव सागर जी महाराज संघस्थ मुनि श्री सजग सागर जी मुनि श्री सानंद सागर जी मुनि महाराज दो मुनिराजो का चातुर्मास सम्पन्न होगा। पूज्य मुनि श्री का इन्दौर के उदयनगर जैन मंदिर से आष्टा के लिए रविवार को मंगल विहार हुआ यहाँ बताना होगा कि शनिवार को दिगम्बर जैन पंचायत समिति के पदाधिकारिगणों ने इंदौर पहुच कर आचार्य श्री आर्जव सागर जी महाराज से आष्टा चातुर्मास हेतु विनती कर श्रीफल भेंट किया था आचार्य श्री ने विनती स्वीकार करते हुए संघस्थ दो मुनिराजो को विहार के संकेत प्रदान कर चातुर्मास आष्टा में करने का आशीर्वाद प्रदान किया है। मुनि संघ के आगमन को लेकर समाज मे हर्ष का माहौल व्याप्त है समिति द्वारा आगवानी शोभयात्रा की तैयारियां की जा रही है। मुनि संघ का 9 जुलाई तक आष्टा नगर आगमन होने की पूर्ण सम्भावना है।

## बच्चों को मोबाइल से दूर रहने की सीख

मॉडर्न पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में सम्मान समारोह हुआ। कक्षा 10वीं और 12वीं के टॉपर्स को पुष्प माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के अतिथि शंकर लाल परमार ने स्कूल में पढ़ाई करने वाले बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने मोबाइल के सही और गलत उपयोग के बारे में बताया। कहा, जीवन में सफलता पानी है तो पढ़ाई में मन लगाना होगा। कार्यक्रम में संचालक मंडल और शाला परिवार के मार्गदर्शक शंकर लाल परमार, कुंवर लाल परमार, भीम सिंह ठाकुर, समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बीएल मालवीय, रवि पाठक आदि शामिल थे।

### स्कूल में पदस्थ शिक्षक बईओ में अटैच, ऐसे कैसे सुधरेगा शिक्षा का स्तर

# ग्राम खड़ी के स्कूल में पदस्थ शिक्षक बीईओ कार्यालय में देख रहे एकाउंटेंट का काम

**ग्राम खड़ी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 7 शिक्षक पदस्थ हैं। हरिभूमि पड़ताल में दो शिक्षक मिले नदारद, एक बीईओ में देख रहे अकाउंटेंट का काम, दूसरा शिक्षक मेडिकल लीव पर।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हरिभूमि जांच-पड़ताल

अनुभाग के अंतर्गत आने वाले ग्राम खड़ी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बारे में विश्वसनीय सूत्रों द्वारा जानकारी प्राप्त हुई कि विद्यालय में पदस्थ शिक्षक अलसुबह आकर उपस्थित दर्ज कर रोजाना कहीं गायब हो जाते हैं। जिससे बच्चों की पढ़ाई पर खासा असर पड़ रहा है, जानकारी प्राप्त होते ही हरिभूमि की टीम उक्त स्कूल पहुंची। जहां विद्यालय प्रभारी सतीश कुमार वर्मा कार्यालय में उपस्थित थे। हमारे सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में 7 शिक्षक पदस्थ हैं। जिनमें से सीताराम वर्मा बीईओ ऑफिस में हैं। और शिवलाल वर्मा मेडिकल लीव पर है। इस जब उनसे पूछा गया कि क्या सीताराम वर्मा रोज बीईओ ऑफिस जाते हैं, जिस पर उन्होंने हामी भरी, लेकिन जब उनसे कैमरा के सामने यह बात करने को कहा गया तो वह तुरंत ही पलट गए, और कहने लगे कि कभी कभी जाते हैं। हमने फिर सवाल किया कि पद स्थापना बोर्ड पर सीताराम वर्मा के नाम के सामने बीईओ क्यों लिखा गया है। जिस पर वे बहाना बनाते हुए बाहर निकल गए और फोन पर बात करने लगे।

उनके पीछे हम भी बाहर आते वक्त बोर्ड का चित्र कैमरे में कैद कर लाए, उनकी बात फोन से खत्म होने पर हमने फिर वही सवाल किया जिस पर उन्होंने हमसे कहा बोर्ड पर कहां लिखा है बताए, लेकिन जब दोबारा हम उस बोर्ड के पास पहुंचे तो सन रह गए क्योंकि बोर्ड पर से नाम के सामने लिखा बीईओ शब्द मिट चुका था, हम समझ गए कि प्रभारी शिक्षक द्वारा चालाकी से बोर्ड से शब्द मिटवा दिया। जिससे जानकारी और पुख्ता हो गई की दाल में जरूर कुछ कला है।

फिर हमारी टीम बिना कुछ सवाल जवाब किए बीईओ ऑफिस के लिए निकल पड़े, बीईओ ऑफिस पहुंचने पर बीईओ साहब ने ज्यादा काम होने का हवाला देकर अगले दिन आने को कहा। लेकिन मामला उलझा होने के कारण हमने वहीं बैठकर इंतजार करने का फैसला किया। थोड़ी देर बाद बीईओ ने अतरंगी ढंग से कहा बोलो में काम करते हुए भी सुन लूंगा। जिस पर हमने ग्राम खड़ी में हुई पूरी घटना की जानकारी दी। जिस पर बीईओ ने स्वीकारा कि खड़ी में पदस्त शिक्षक सीताराम वर्मा बीईओ ऑफिस में अकाउंटेंट का काम देख रहे हैं। क्यों कि हमारे यहां एकाउंटेंट नहीं है। इसलिए वे यहां पर शिक्षकों का वेतन बनाने का काम करते हैं। हमने पूछा कि उनकी पदस्थापना बीईओ ऑफिस में किसने की तो साहब ने कहा अकाउंटेट न होने पर हमने उन्हें बुलाया है। जब साहब से पूछा गया कि फिर स्कूल के बच्चों की पढ़ाई का क्या होगा, तो साहब बोले शिक्षक सीताराम बच्चों की क्लास खत्म होने पर यहां आ जाते हैं। फिर पूछा गया कि विद्यालय का समय तो सुबह 10 से शाम 4 तक है, फिर वे यहां कब देते हैं। जिसका उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया। फिर हम बीईओ ऑफिस में मौजूद शिक्षक सीताराम वर्मा के पास पहुंचे वे उम्र से काफी




अनुभवी दिखाई दे रहे थे,और एक से दो माह में रिटायर होने वाले हैं। जब हमने उनसे पूछा कि वे विद्यालय समय में यहां क्या कर रहे हैं तो उन्होंने सहजता से कहा कि साहब बुलाते हैं तो आना पड़ता है। उनके इतना कहते ही पूरा मामला साफ हो गया कि किस प्रकार नियमों का पालन करने वाले कार्यालय से ही नियम विरुद्ध कार्य किया जा रहा है। शासन द्वारा सभी अटैचमेंट निरस्त किए जाने के बाद भी अधिकारी किस प्रकार अनुभवी शिक्षक से अकाउंटेंट का काम करवा कर बच्चों का भविष्य अंधकार में धकेल रहे हैं। और उन्हें किसी प्रकार का कोई डर नहीं है।

## बारिश से जर्जर अवस्था में पहुंची गांव की सड़कें

### आरोलिया टीगरिया मार्ग गड्ढे में तब्दील



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ब्लॉक के कई गांव की सड़के पहली बारिश में ही जर्जर और खस्ताहाल अवस्था में पहुंच गई है इस कारण ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी उठाना पड़ रही है साथ ही किसानों को भी कृषि कार्य हेतु अपने खेतों पर जाने में दिक्कत हो रही है।

बता दे की बारिश में हर वर्ष कई सड़के खस्ताहाल अवस्था में हो जाती है बड़े-बड़े गड्ढों के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है जावर के पास आरोलिया टिकरिया मार्ग भी कई स्थानों पर गढ़ों में तब्दील हो गया है इस कारण खस्ताहाल हो गया है खराब सड़क के कारण ग्रामीणों के साथ-साथ खेतों पर कृषि कार्य के लिए जाने वाले किसानों को भी दिक्कत उठाना पड़ रही है।सड़क की मरम्मत हो नगर परिषद जावर के पूर्व अध्यक्ष शैलेश वेद ने बताया है कि टिकरिया से लेकर आरोलिया तक मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे हो गए हैं। सरकार के रिकॉर्ड में भले ही यहां सड़क बन गई हो लेकिन हकीकत में गढ़ों में तब्दील है खराब सड़क के कारण ग्रामीणों को परेशानी उठाना पड़ रही है कई बार क्षेत्रीय नागरिकों, ग्रामी नो ने संबंधीत विभाग को बता दिया लेकिन अभी तक सड़क की मरम्मत नहीं की गई है।इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ अनमोल मिश्रा ने बताया है कि जानकारी नहीं है दिखाता हूं।

## 60 से ज्यादा बच्चों ने दी वार्षिक परीक्षा

**आष्टा।** आचार्य विद्यासागर पाठशाला के छात्र-छात्राओं की वार्षिक परीक्षा शास्त्री स्मृति विद्यालय में हुई। परीक्षा में 60 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। सभी बच्चों ने उत्साह से परीक्षा दी। उत्तर पुस्तिकाओं में प्रश्नों के उत्तर लिखे। परीक्षा शुरू होने से पहले बच्चों ने सामूहिक प्रार्थना की। शिशु शाला के बच्चों ने मौखिक परीक्षा दी। कुमार शाला के छात्र-छात्राओं ने लिखित परीक्षा दी। परीक्षा का संचालन पाठशाला प्रभारी और स्वयंसेवी शिक्षिकाओं ने किया। पाठशाला के अजय जैन ने बताया कि यहां बच्चों को धार्मिक संस्कारों के साथ आचार्य और साधु-संतों की आराधना व चर्या का ज्ञान भी दिया जाता है।

## युवा संगठन संस्था ने सिविल अस्पताल में लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सिविल हॉस्पिटल आष्टा में महा रक्तदान शिविर का आयोजन नगर की सामाजिक संस्था युवा संगठन के द्वारा मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी बीएमओ अमित माथुर के मार्गदर्शन में हुआ। टीम के युवाओ का रक्त परीक्षण के पश्चात रक्त का दान किया गया। इस शिविर में युवा संगठन के युवा व अन्य लोग उपस्थित हुए। शिविर में 61 युवाओं के द्वारा रक्तदान किया गया। संस्था प्रमुख अध्यक्ष आनंद गोस्वामी ने कहा कि संघठन द्वारा समय समय पर सामाजिक आयोजन किये जाते है और। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पूर्व नपा अध्यक्ष मिना सिंगी, महा संघ अध्यक्ष रूपेश राठौर,भाजपा नेता संजीव सोनी ,डॉ संतोष कारंजा, अम्बर मालवीय, रविकांत मालवीय, डॉ प्रियंका रघुवंशी, जितेंद डाबरिया, आशु आर्य प्रमोद परमार, चेतन पाठक,दानिश मंसूरी का विशेष योगदान रहा। पंचम, पार्षद रवि शर्मा, राजीव गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि उत्थान धरावा, विपिन सिंगी, सीए महेंद्र ठाकुर सहित रक्त वीर उपस्थित हुए। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमित गणेश माथुर के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान सिविल अस्पताल प्रबंधक जितेंद्र वर्मा, मोहन श्रीवास्तव, सुरेश सेन,रवि गोस्वामी

## शबरी की भगवान राम के प्रति अटूट भक्ति और गुरु पर विश्वास के कारण ही भगवान की प्राप्ति हुईः कृष्णा मां

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



श्री ब्रह्मानंद जन सेवा संघ कृष्णा धाम मालीपुरा के पावन तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय श्री गुरु पूर्णिमा अमृत महोत्सव के तृतीय दिवस पर हजारों भक्तों ने अपने गुरु की अमृतवाणी का लाभ लिया। आज पूज्य कृष्णा मां का जन्म दिवस है, इस शुभ दिवस पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा सुबह 9 बजे गायत्री मंदिर, बस स्टैंड से प्रस्थान करेगी। जिसका मुकाती पेट्रोल पंप पर समापन होगा। सत्संग में कृष्णा मां ने अपनी अमृतवाणी में बताया किः गुरु मतंग ऋषि ने उनकी शिष्या शबरी को कहा था कि एक दिन भगवान राम तुमसे मिलने जरूर आएंगे। इसके बाद शबरी ने अपना सारा जीवन भगवान की प्रतीक्षा में समर्पित कर दिया। मुसीबतें कभी पीछा नहीं छोड़ती उनसे पीछा छुड़ाने की जगह उनका सामना करना चाहिए। एक व्यक्ति मुसीबतों से परेशान होकर घर से निकल गया। रास्ते में एक बूढी औरत उसके पीछे-पीछे आ रही उस व्यक्ति ने उस औरत से पूछा तुम मेरे पीछे क्यों आ रही हो तो उसे बूढी औरत ने कहा मैं तेरा भाग्य हूं तू जहां-जहां जाएगा में वहां-वहां आऊंगी। मुसीबतो से घबराएं नहीं क्योंकि जो नसीब में है नहीं है वह आकर भी चला जाएगा, और जो नसीब में है वह दौड़ कर भी चला आएगा! 3 भगवान की पूजा करना, सेवा करना, सत्संग सुनना,सत्कर्म करना आदि में दिखावा नहीं करना चाहिए! इसके विपरीत जब आपको क्रोध आए या कोई ऐसा काम करो जिससे दूसरों का हानि हो तो उसमें आपको दिखावा करना चाहिए।

## हमारे धर्म में आज दिखावा अधिक हो रहा है, राग-द्वेष निरंतर बढ़ रहा हैः प्रवर सागर मुनिराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



धर्म आत्मा से होता है,आज धर्म में दिखावा अधिक हो रहा है।आजकल राग द्वेष निरंतर बढ़ रहा है, जहां राग द्वेष बढ़ रहा है वहीं संसार बढ़ रहा है। अगर राग द्वेष घट रहा है तो व्यक्ति मोक्ष के पथ पर अग्रसर हो रहें हैं। संयम धारण करने वाला कर्मों का क्षय करता है।

आप किन भावों से राष्ट्र,समाज व परिवार का काम कर रहे हैं, आपके भाव अर्थात इच्छा क्या है, सम्मान पाने की चाहत न करें।आप पुण्य को काट रहे हैं, जबकि पाप काटना चाहिए,पुण्य बढ़ाना चाहिए।आज पाप बढ़ाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है।आपके जीवन का समय निकल रहा है। अलीपुर के लोगों ने पुण्य बढ़ाया तो पांच घर के साठ घर साठ सालों में हो गए। यहां पहले छोटा सा मंदिर था, आज चंद्र प्रभु सहित अनेक भगवानों की भव्य प्रतिमाओं के साथ भव्य जिनालय है। समाज में उत्साह रहना चाहिए। धर्म की प्रभावना होगी, दिगंबर साधु के आने से पुण्य और उत्साह बढ़ता है।तरुण सागर जी ने 13 साल की उम्र में संयम धारण कर आत्म कल्याण किया। व्यक्ति को वैराग्य कभी भी आ सकता है। सभी लोग पुण्य बढ़ाएं इंदौर के मनीष गोधा की तरह,उन्होंने एक शिक्षा और प्रेरणादायक काम किया। सैकड़ों साधु-संतों को एक मंच पर लाएं, धर्म की प्रभावना की। उनका मान - सम्मान के साथ धन -वैभव भी बढ़ा। आचार्य विशुद्ध सागर मुनिराज को पट्टाचार्य पदारोहण कराया।धन नहीं धर्म की तरफ देखों। किसी भी धर्म की क्रिया को सामान्य नहीं समझें। उक्त बातें नगर के श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर अरिहंत पुरम अलीपुर में वाककेशरी श्रमणाचार्य विनिश्चय सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही।आपने कहां कि माता -पिता का कर्तव्य है कि अपने बच्चों को स्कूल की तरह मंदिर और मुनिराज के पास वैय्यावृति व आहार कराने अवश्य भेजें,आज विकृति अधिक आ रही है। आपके पुरुषार्थ पर है कौन सी गति में जाना है। मुनिश्री ने कहा अपनी परिणति को देखें।पक्षी किसी के घोंसले में नहीं जाते हैं और न ही तोड़ते हैं, स्वयं ही घोंसला बनाते हैं।

## बच्चों को प्रभावी शिक्षा के लिए दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जनपद शिक्षा केंद्र आष्टा द्वारा शास माध्य शाला किला आष्टा प्रशिक्षण केंद्र पर शिक्षकों दो दिवसीय विकास खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गणित 2 बैच, विज्ञान 2 बैच, सामाजिक विज्ञान 4 बैच का समापन हुआ।

यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व एनसीएफ 2023 के लक्ष्य के अनुरूप किया। प्रशिक्षण प्रभारी देवजी मेवाड़ा ने बताया कि यह प्रशिक्षण गणित, विज्ञान व सामाजिक विज्ञान विषय कक्षा 6 में बदलाव के अनुरूप संपन्न किया। जिसमें संबंधित विषय के समस्त शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण कार्य योजना 25 -26 के अंतर्गत किया। उद्देश्य शिक्षकों को नवीन पाठ्य पुस्तकों के अनुरूप शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराना हैं। इस अवसर पर बीआरसीसी अजब सिंह राजपूत, बीएसी देवजी मेवाड़ा, बीएसी मनोज विश्वकर्मा ने मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन हरेंद्र सिंह ठाकुर ने किया। प्रशिक्षण में डीआरजी लखन लाल जोमर, लखन सिंह ठाकुर, देवराज सोनी, आनंद सोनी कन्हैयालाल सोनी, महेश मालवीय सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### गुजरात दौरे पर विधायक ने साबरमती आश्रम में चलाया बापू का चरखा

# इस्कॉन मंदिर में दर्शन कर गौमाता का किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर निजी कार्य हेतु गुजरात दौरे के दौरान आज गुजरात की राजधानी गांधीनगर पहुंचे। गांधीनगर में साबरमती नदी के किनारे स्तिथ पूज्य बापू महात्मा गांधी के निवास जिसे अब साबरमती आश्रम कहा जाता है वहा पहुंचे। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने साबरमती आश्रम में चरखा चलाया,आश्रम में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर सूत की माला पहना कर बापू को नमन किया। साबरमती आश्रम भारत के गुजरात राज्य की राजधानी गांधीनगर के समीप साबरमती नदी के किनारे स्थित है। सत्याग्रह आश्रम की स्थापना सन् 1915 में अहमदाबाद के कोचरब नामक स्थान में महात्मा गांधी द्वारा हुई थी। सन् 1917 में यह आश्रम साबरमती नदी के किनारे वर्तमान स्थान पर स्थानांतरित हुआ और तब से साबरमती आश्रम कहलाने लगा। गुजरात के गांधीनगर में साबरमती नदी के किनारे स्तिथ साबरमती आश्रम भारत की स्वतंत्रता के आंदोलनों के मुख्य केंद्रों में से एक केंद्र था । साबरमती आश्रम से ही सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत हुई थी, इस ही आश्रम से गांधी जी ने 241 मील लंबी दांडी यात्रा शुरू की थी। साबरमती आश्रम पहुचे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सभी कक्षो को देखा, जानकारी ली एवं अतिथि विजिट बुक में अपना मत अंकित किया। यहा के बाद विधायक गांधीनगर में स्तिथ सुप्रसिद्ध इस्कॉन मंदिर पहुचे,इस मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाने वाली नक्काशी ओर अलंकरणों से सुसज्जित है, जिसे देखा एवं विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने इस्कॉन मंदिर में भगवान कृष्ण जी के के दर्शन किये एवं गौशाला में गौमाता की सेवा कर उनका पूजन किया।

## एक वृक्ष मां के नाम अभियानः मार्टिनेट विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




वृक्ष हमारी सांसे है इनकी संख्या बढ़ाना आवश्यक है इसी उद्देश्य को भावनात्मणक जुडाव़ देते हुये एक वृक्ष माँ के नाम वृक्षारोपण अभियान पिछले कुछ वर्षो से प्रारंभ किया गया है। इसी अभियान को गति देते हुए मार्टिनेट कॉन्वेंट हॉ.सै. स्कूल अलीपुर आष्टा के प्रबंधक मण्डल, शिक्षक शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों द्वारा ब्लॉक चौराहे पर स्थित माता मंदिर के सामने तथा उसके पीछे स्थित गौशाला में वृक्षारोपण किया गया और विभिन्न किस्मों के पौधे लगाये गये ताकि विद्यार्थियों को भी इससे प्रेरणा मिले व वे वृक्षों का महत्व समझ सके। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी, प्राचार्य प्रीति त्रिवेदी, एकेडमिक इंचार्ज अतुल सुराणा, शिखा तिवारी, कंप्यूटर ऑपरेटर कुशल भूतिया, ऑफिस इंजार्च रेखा शर्मा, शिक्षक/शिक्षकाए सुलताना अली, पंकज ठाकुर, कृष्ण पाल ठाकुर, अशोक महेश्वरी आदि वृक्षारोपण हेतु उपस्थित रहे।

# पुलिस की रूटीन चैकिंग से बौखलाए कांग्रेसी विधायक, बोले - भाजपा की बजाना बंद करो

## तराना विधायक परमार बोले- गोली मार दो मुझे !, टीआई बोले 150 से अधिक गाड़ियों की हुई है चेकिंग





हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

अशोकनगर में मंगलवार को कांग्रेस की न्याय सत्याग्रह रैली में शामिल होने के लिए उज्जैन के तराना विधानसभा से विधायक महेश परमार और सुसनेर विधानसभा से विधायक भैरूसिंह परिहार आयोजन में शामिल होने के लिए अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र से अपने कार्यकर्ताओं को लेकर निकले थे, इसी बीच ब्यावरा पहुंचते ही उनको रूटीन चेकिंग के नाम पर पुलिस का सामना करना पड़ा। ट्रेफिक थाना प्रभारी देवनारायण पांडे ने विधायक की गाड़ी को साइड में खड़ा करवाकर जांच करवाने के लिए कहा गया जो कांग्रेस विधायक को रास नहीं आया। फिर क्या था कांग्रेस विधायक परमार ने अपनी पूरी भड़ास पुलिस का सामना करते हुए निकाल दी और इसी बीच पुलिस और विधायकों के बीच तीखी नोक झोक होती रही। तराना विधायक पुलिस से गोली मारने तक का कहते सुने गए।

### सोशल मीडिया पर हुआ वीडियो वायरल

ब्यावरा पुलिस और विधायकों के बीच हुई तीखी नोंकझोंक का वीडियो विधायक महेश परमार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया। इसी के साथ इंडियन नेशनल कांग्रेस ने भी इस वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर किया। विधायक परमार ने ब्यावरा एसडीओपी प्रकाश शर्मा को तीखे शब्दों में धमकी देते हुए बोला की अपना पुलिस का बैच उतारो और भाजपा का फूल लगा लो। अगर इतनी ही एजेंटी भाजपा की करनी है तो पुलिस की नौकरी छोड़ दो। इस बीच एसडीओपी ब्यावरा अपने दोनों हाथ जोड़ते हुए विधायक परमार को बोल रहे हैं कि विधायक जी हम आपसे दूर नहीं हैं। इसी बीच सिटी ब्यावरा थाना प्रभारी ब्यावरा वीरेंद्र धाकड़ बीच में आकर विधायक परमार को टोकते हैं और कहते रूटीन चेकिंग है, चेकिंग तो सभी गाड़ियों की होगी विधायक जी। विधायक बोले विधायक की गाड़ी कैसे चेक होगी। टीआई बोले कोई भी हो गाड़ी हो चेक होगी। इसी बीच विधायक परमार अपना आपा खोते हुए ब्यावरा सिटी टीआई वीरेंद्र धाकड़ से बोले - गोली मार दो, यह बैच पर जो धाकड़ लिखा है इसका ध्यान रखो और भाजपा की बजाना बंद करो।

### 150 से अधिक गाड़ियों की रूटीन चैकिंग की

पुलिस अपनी रूटीन चैकिंग करने कीलखेडा जोड पर अपना पाइंट लगाई हुई थी। टीआई सिटी वीरेन्द्र धाकड ने बताया कि हमने 150 से अधिक गाडियों की चैकिंग की है उसी में इन जनप्रतिधियों की गाडियां भी शामिल है किसी को टारगेट करके नहीं रोका गया।

**इनका कहना है...**

सिटी थाने की रूटीन चेकिंग थी। हम तो उनके सपोर्ट में खड़े थे कितने वहनों पर कार्यवाही की गई है। इसका रिकॉर्ड सिटी थाने से ले लीजिए। विधायक परमार को जो कहना था उन्होंने कह दिया। हमें सरकारी कर्मचारी होने के नाते चेकिंग करना था हमने हमारा काम किया।

**देवनारायण पांडे, ट्रैफिक थाना प्रभारी**

# करनवास में शराब के ठेके पर हुई लूट और ब्यावरा की चोरी का किया पर्दाफाश

## महंगे शौक पूरे करने चोरी, लूट जैसी वारदातों को दे रहे थे अंजाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़-ब्यावरा

मार्च माह में करनवास स्थित शराब के ठेके से हुई नकदी सहित शराब के माल की लूट सहित ब्यावरा की अन्य चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। लूट और चोरी की उक्त दोनों वारदातों को एक ही गैंग के 12 आरोपियों ने अंजाम दिया था जिनमें से 10 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए उनके पास से लूट का माल भी बरामद कर लिया है।

इन शातिर बदमाशों को पकड़ने पुलिस की विशेष टीम ने ब्यावरा, भोपाल, इंदौर, झालावाड़, गुना, उज्जैन, धार, शाजापुर इत्यादि शहरों में करीब 4 हजार किमी का सफर तय करते हुए 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का खंगाला। तब कहीं जाकर ये बदमाश शिकंजे में आ पाए। नवागत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे ने मंगलवार दोपहर स्थानीय कन्ट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अपने मंहगे शौक पूरे करने के लिए चोरी, लूट इत्यादि वारदातों को अंजाम देते आ रहे थे। एक आरोपी पर तो मप्र के विभिन्न थानों में चोरी के 34 से अधिक अपराध दर्ज हैं।

### ब्यावरा से चुराई बोलेरो से करनवास में की लूट

16-17 मार्च की दरम्यानी रात्रि करनवास के शराब के ठेके से अज्ञात लुटेरों ने 30 पेटी देशी और अंग्रेजी शराब सहित गल्ले में रखे 25 हजार रुपए लूट लिए थे। पुलिस की विवेचना में ज्ञात हुआ कि ब्यावरा की शिवधाम कॉलोनी से चोरी हुए तूफान वाहन से इस लूट को अंजाम दिया गया था। घटना की पतारसी के लिए पुलिस ने अलग-अलग टीमें बनाई जिन्होंने सायबर सेल की मदद ली वहीं 200 से अधिक सीसीटीवी खंगाले। इस पड़ताल से मिले सबूतों के आधार पर पुलिस ने कई शहरों में जाकर दबिश दी।

पड़ताल में एक संदेही सचिन सौंधिया द्वारा पूछताछ के दौरान उसने अपने साथियों के साथ मिलकर ब्यावरा से तूफान वाहन चोरी करना और करनवास ठेके पर लूट की वारदात कबूल की। सचिन की निशानदेही पर गोलू झांझर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि घटना में शामिल अन्य साथीमनोज यादव, करण उर्फ कान्हा, अवधेश यादव एवं गोपाल दांगी 22 मार्च को सारंगपुर में हुई लूट के मामले में जेल में बंद है। इस तरह कड़ी से कड़ी मिलाते हुए पुलिस टीम ने एक अन्य आरोपी छोटू उर्फ छोटिया पिता विक्रम राजपूत एवं देवा उर्फ देवेंद्र भांमर को भी गिरफ्तार किया।

### ब्यावरा के आरोपियों को बेचा लूट का माल

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि करनवास ठेके से लूटी गई शराब ब्यावरा के पवन जाटव एवं पुरुषोत्तम जाटव को सस्ते दाम पर बेची थी। पुलिस ने इन दोनों को गिरफ्तार गिया तो उन्होंने बताया कि सस्ते दाम में खरीदी गई शराब को घर में स्टोरेज किया और बाद में शुजालपुर में आकाश उर्फ रितिक परमार को बेच दिया। पुलिस ने आकाश परमार को भी अभिरक्षा में ले लिया।

# जानलेवा हमले के बाद भी पुलिस ने सामान्य धाराओं में दर्ज किया केस

## दाताग्राम निवासी दलित परिवार के लोगों ने पुलिस पर लगाए आरोप

**राजगढ़।** 6 जुलाई की रात्रि दाताग्राम निवासी दलित परिवार के लोगों के साथ महज ढाई हजार रुपए के लेन-देन विवाद में ढंढ गांव निवासी आरोपी पक्ष ने युवक को बंधक बनाकर जानलेवा हमला किया था। इस हमले में बच्चों, महिलाओं सहित 7 लोग घायल हुए थे। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों को भी चोंटें आई थीं।

मामले में कोतवाली पुलिस पर सामान्य धाराओं में एफआईआर दर्ज करने का आरोप लगाते हुए दलित परिवार के लोग मंगलवार दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। यहां सभी ने आरोपी पक्ष के सभी लोगों पर अपहरण और हत्या के प्रयास की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध करने की मांग रखी। पीड़ित पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया कि अमृतलाल सौंधिया से ढाई हजार रुपए उधार लेने वाले नवीन जाटव को चार दिन पहले भी बंधक बनाकर मारपीट की गई थी। उसी समय नवीन के परिजनों ने अजाक थाने में शिकायत दर्ज करवाई लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। पुलिस के ढीले-ढाले रवैये के चलते ही आरोपियों के हौसले बुलंद हुए और 6 जुलाई की रात्रि फिर से नवीन को लोहे की सांकल से बांधकर जमकर पीटा। वहीं उसे बचाने पहुंचे परिजनों पर भी लट्ठ, फर्सी सहित अन्य हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया।



महज ढाई हजार के लेन-देन विवाद में चले लट्ठ-फर्सी, 7 लोग घायल

घायलों में बच्चे, महिलाएं भी शामिल, 7 लोगों पर एससी, एसटी और अन्य धाराओं में एफआईआर

क्या है पूरा मामला

डॉयल 100 वाहन को दी गई सूचना

इन पर दर्ज हुआ प्रकरण

## मानकी गांव निवासी प्रजापति समाज के सैकड़ों लोग पहुंचे एसपी ऑफिस

# चार बार एसपी ऑफिस आने के बाद भी हमें नहीं मिल रहा न्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



करीब दो माह पूर्व 13 मई को मानकी गांव निवासी हरिओम प्रजापति का शव एक पेड़ से लटका हुआ मिला था। सुठालिया पुलिस ने उस समय मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया था। मृतक हरिओम प्रजापति के परिजनों सहित ग्रामीणों का आरोप है कि हरिओम की हत्या करने के बाद हत्यारों ने इसे आत्महत्या साबित करने उसके शव को पेड़ पर लटका दिया था लेकिन पुलिस अभी भी मामले में जांच का हवाला देकर दोषियों को बचाने में लगी हुई है।

ऐसे में मृतक हरिओम के परिजन सहित मानकी गांव के एक सैकड़ा से अधिक लोग मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और नवागत एसपी अमित तोलानी को आवेदन सौंपकर आरोपियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग रखी। फरियादियों ने नवागत एसपी तोलानी को अवगत कराया कि वे पूर्व में भी तीन बार पुलिस अधीक्षक कार्यालय आकर अपनी मांग रख चुके हैं लेकिन सुठालिया पुलिस द्वारा निष्पक्ष कार्यवाही नहीं की जा रही है और थाने जाने पर सिर्फ जांच का हवाला दिया जा रहा है।

### आवेदन में बिंदुवार रखी अपनी बात

एसपी तोलानी को सौंपे गए आवेदन में मृतक हरिओम के भाई सुरेश पिता रामचरण प्रजापति सहित अन्य परिजनों ने बिन्दुवार अपनी बात रखी की किस तरह उसकी हत्या की गई है। आवेदन में मृतक हरिओम के एक युवति से प्रेम प्रसंग का हवाला देते हुए युवति के चचेरे भाईयों एवं उनके दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणा ने एसपी तोलानी से मांग रखी कि वे स्वयं इस मामले पर संज्ञान लेते हुए विशेष टीम से सिरे से पूरे मामले की जांच करवाएं ताकि सत्यता सामने आ सके।

# हजारों में आ रहे स्मार्ट मीटर के बिलों का सड़क से लेकर कलेक्ट्रेट तक विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना




स्मार्ट मीटर का विरोध बढ़ता ही जा रहा है। एक ओर जहां नागरिकों ने रैली निकाल कर भारी भरकम विलों को माफ करने की मांग के साथ प्रशासन को ज्ञापन सोंपा तो वहीं दूसरी ओर जनसुनवाई में भी लोगों ने शिकायत दर्ज कराई है। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि प्राइवेट कंपनी द्वारा शहर भर में आम जनता के भारी विरोध के बाबजूद लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर पर तुरंत रोक लगाई जाए व बिजली के निजीकरण की नीति को रद्द किया जाए।

उन्होंने कहा कि शहर में जिन घरों में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं उनके बिजली के बिल पूरे शहर को हैरत अंगेज करने वाले हैं। गुना के लक्ष्मीनगर में कई लोगों के बिजली बिल हजारों रुपए में आए हैं जो पूर्व में हजार-पांच सौं के हुआ करते थे। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, महंगी शिक्षा और इलाज से जनता पहले से ही परेशान है ऐसे में स्मार्ट मीटर के बिलों ने उनके परेशानियों को बढ़ा दिया है। लोग परेशान हैं लेकिन कहीं पर उनकी सुनवाई नहीं की जा रही है। ये हालात सिर्फ गुना जिले के ही नहीं बल्कि जहां भी स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं वहां लोग सड़कों पर निकल कर इसका विरोध कर रहे हैं। लोगों की मांग है कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाएं एवं जिन लोगों के भारी-भरकम बिल आए हैं, उनका बिल माफ किया जाए सहित कई मांगों को उठाया गया।

## एक सप्ताह में सुधार नहीं होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में लंबित आवेदनों और विशेष अभियानों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों पर विभागीय लापरवाही सामने आने पर उन्होंने एल-1 स्तर पर अनसुनी शिकायतों और आश्वासनयुक्त जवाब देने वालों की सूची तैयार कर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले की प्रदेश रैंकिंग 24वें स्थान पर है जो निराकरण में लापरवाही का संकेत है। एक सप्ताह में सुधार नहीं होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में जानकारी दी गई कि सीएम हेल्पलाइन के 100 दिवसीय आवेदनों में 5234 में से 5227 मामले लंबित हैं। वहीं, पचास दिवसीय आवेदनों की संख्या 7474 है।

# सरकारी स्कूलों में होगा शैक्षिक ओलंपियाड, 30 जुलाई तक आवेदन

## ओएमआर शीट में प्रश्न हल करेंगे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले समेत प्रदेश के समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 2 से 8 के विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक ओलंपियाड का आयोजन होने जा रहा है। प्रदेश, देश और विश्व के सांस्कृतिक, भौगोलिक, ऐतिहासिक परिदृश्य, समसामयिक सामान्य ज्ञान तथा हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान और गणित विषयों से जोड़ने के लिये मंच क्विज प्रतियोगिता ओलंपियाड का आयोजन इस वर्ष दो चरणों में जन शिक्षा केन्द्र और जिलास्तर पर किया जा रहा है।

इस वर्ष जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय आयोजन सितंबर और जिला स्तरीय आयोजन नवंबर माह में होगा। ओलंपियाड में सहभागिता के लिए विद्यार्थी शिक्षकों के सहयोग से ऑनलाइन पंजीयन 30 जुलाई तक कर सकेंगे। इस वर्ष के ओलंपियाड में कक्षा दूसरी से लेकर 8वीं तक के विद्यार्थी ओएमआर शीट पर प्रश्न हल करेंगे। इस व्यवस्था से बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये प्रारंभिक काल से अनुभव प्राप्त होगा। कक्षा 2 और 3 के लिये इंग्लिश, हिन्दी और गणित, कक्षा 4 और 5 के लिए इंग्लिश, हिन्दी, गणित एवं पर्यावरण विषय पर और कक्षा 6, 7 और 8 के लिए हिन्दी, संस्कृत, इंग्लिश, विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान विषय पर ओलंपियाड प्रतियोगिता होगी।

### जिला स्तर के लिए 64 विद्यार्थी होंगे चयनित

कक्षा 2 और 3 में प्रत्येक जन शिक्षा केन्द्र से कुल 28 विद्यार्थी जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित होंगे। कक्षा 6 से 8 में जन शिक्षा केन्द्र स्तर पर सर्वाधिक अंको के आधार पर 36 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए होगा।

# स्कूल में मनाया गया हरित दिवस महोत्सव

## तलेन के एसबीएस स्कूल के बच्चों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प




**तलेन।** एसबीएस स्कूल तलेन के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को हरित दिवस आयोजित किया गया। इस मौके पर कक्षा नर्सरी से सातवी के बच्चो ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पेड बचाने का संकल्प लिया। इस दिवस पर छात्रों ने धरती मां के प्रति अपना प्यार और देखभाल दिखाने के लिए हरित दिवस मनाया।इस कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के डाइरेक्टर नंद किशोर यादव एवं प्रिंसिपल एच. एस. परमार द्वारा किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चो मे पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना था।

## गायत्री शक्तिपीठ से ज्योति कलश यात्रा निकाली

**जीरापुर।** गायत्री शक्तिपीठ के माध्यम से गायत्री परिवार के सदस्य महिला पुरुष द्वारा नगर में ज्योति कलश यात्रा निकाली गई। गुरुदेव माताजी के आशीर्वचन को जन-जन तक पहुंचाने के मुख्य उद्देश्य से यह ज्योति कलश यात्रा शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में भारतवर्ष में निकाली जा रही है। गुरुदेव द्वारा प्रज्वलित अखंड ज्योति को 100 वर्ष पूर्ण हो गए हैं साथ ही माता जी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष में यह सारे आयोजन हो रहे हैं। गायत्री शक्तिपीठ से ज्योति कलश यात्रा रथ को विधायक हजारीलाल दांगी श्रीमती ज्योत्सना दांगी सपत्नीक ने हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान करवाया जो जीरापुर नगर के विभिन्न मार्ग सहित जीरापुर तहसील में 5 दिन का भ्रमण रहेगा जिसमें गांव-गांव यात्रा पहुंचेगी।

## बच्चों के भविष्य पर प्रश्नचिंह, प्राचार्य ने रोका 2 माह का वेतन

# बिना सूचना 9 महीने से शिक्षिका नहीं पहुंची स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा




जीरापुर ब्लॉक जैसे लापरवाह शिक्षकों की कर्मभूमि बन गया हो। आए दिन शिक्षकों की मनमानी के किस्से आम होते जा रहे हैं। लगता है जैसे शिक्षा विभाग के अधिकारियों का अपने अधिनस्त शिक्षकों पर कोई नियंत्रण ही नहीं रहा या फिर मिलीभगत होने से यह सब चल रहा है। मामला पीपल्या कलां के शासकीय स्कूल का है जहां पर पिछले 9 महीने से शिक्षिका उपस्थित नहीं हो रहीं है और अपनी वेतन पा रही है। हाल ही में स्कूल के प्राचार्य ने बच्चों की पढ़ाई के नुकसान होने के चलते शिक्षिका का मई और जून का वेतन रोक दिया है।

### यह है पूरा मामला

वर्ग 2 की साइंस की शिक्षिका कल्पना गुर्जर अतिशेष में जीरापुर कन्या शाला से अगस्त 2024 में पीपल्या कलां हायर सेकंडरी स्कूल में भेजा गया। फिर डीईओ की कृपा से पुनः जीरापुर कन्या शाला में उनका अटेचमेंट कर दिया गया। इसके बाद डीईओं ने 2025 में अटेचमेंट खत्म किया फिर भी मेंडम ने ज्वाइन नहीं किया। अंततः 17 मई 2025 को संचालनालय से भी अटेचमेंट खत्म करने के आदेश आए परंतु कल्पना गुर्जर ने फिर भी स्कूल में ज्वाइनिंग नही दी। हैरत की बात तो यह है कि महिनों ज्वाइनिंग नहीं देने के बाद भी डीईओं की कृपा से वेतन का आहरण होता रहा। इससे समझा जा सकता है कि जिला शिक्षा अधिकारी सरकारी स्कूल में बच्चों की पढ़ाई को लेकर कितने संवेदनशील है। अंततः स्कूल प्राचार्य देवनारायण दांगी ने बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए संबंधित शिक्षिका का पिछले दो माह का वेतन रोक लिया है जो ज्वाइन करने के बाद ही रिलीज हो पाएगा।

### डीईओ बोले - छात्रावास की वार्डन है

इस मामले में जब डीईओ करन सिंह भिलाला से बात की गई तो उन्होंने पीपल्या कलां स्कूल में न जाने वाली शिक्षिका के पक्ष में बात रखते हुए कहा कि वह जीरापुर छात्रावास में वार्डन है। तो फिर प्रश्न यह उठता है कि फिर उनको पीपल्या कलां स्कूल जो की खिलचीपुर ब्लॉक में क्यों भेजा गया। इस बारे में जब हरिभूमि ने पूछा की बच्चों की पढाई का क्या होगा तब डीईओं ने कहा उन्हें स्कूल जाना पढ़ेगा।

**इनका कहना है...**

साइंस शिक्षिका के न आने से बच्चों की पढ़ाई का नुकसान हो रहा है फिर रिजल्ट के समय अधिकारी हमसे पूछते हैं। इसलिए मैने संबंधित शिक्षिका का पिछले 2 महीने का वेतन रोक लिया है।

**देवनारायण दांगी,** प्राचार्य पीपल्या कलां स्कूल ब्लॉक खिलचीपुर